**Government of India**

**Ministry of Panchayati Raj**

***

## Monthly Summary for the month of September, 2021

The Ministry of Panchayati Raj (MoPR) is responsible for the work of advocacy, monitoring and implementation of Constitution 73rd Amendment. The role of the MoPR involves strengthening the administrative infrastructure, basic services etc. by leveraging technology and capacity building of the functionaries of Rural Local Body (RLB). Ministry's roadmap to realise the above objective is through three pillars:

- Provision of basic services through the Finance Commission Funding,
- Capacity building of RLBs through Rashtriya Gram SwarajAbhiyan (RGSA) and
- Convergent & holistic planning through inclusive & participatory process through Gram Panchayat Development Plan (GPDP) and advocacy work.

The following were the main activities during the month:

1. Under Fifteenth Finance Grants (XV FC) to Rural Local Bodies (RLBs) for FY 2020-21, Ministry of Finance has released 2nd installment of Basic and Tied Grant of Rs. 62.50 crore to the State of Nagaland and 2nd installment of Tied Grant of Rs18.75 crore to Goa. As on date, XV FC grants to the tune of Rs. 22,309.50 crore for F.Y. 2021-22 has been released by Ministry of Finance to the States for Rural Local Bodies/ Traditional Local Bodies for improving basic services including supply of drinking water, rain water harvesting, water recycling, sanitation & maintenance of ODF status including management and treatment of household waste, human excreta and faecal sludge management, etc.

2. A VC meeting was held on 15$^{th}$ September, 2021 under the Chairmanship of Joint Secretary, MoPR to apprise the States regarding various requirements in respect of the Operational Guidelines for XV FC Grants issued by Ministry of Finance for the period 2021-22 to 2025-26. Representatives from all the States participated in the meeting. The review of AuditOnline performance of the States were also carried out during the meeting.

3. A VC meeting was held on 8$^{th}$ September, 2021 under the Chairmanship of Additional Secretary, MoPR on the subject of 'Making Gram Sabha Vibrant' to deliberate

and act upon the various requirements by the States for implementing the suggestions of the Advisory issued to the States/UTs on the subject.

4. The Dashboard on Gram Sabha (meetingonline.gov.in) has been launched by Shri Giriraj Singh, Hon'ble Minister of Panchayati Raj on 30th September, 2021 in the presence of Secretary, Panchayati Raj as well as senior officers from the Ministry and the programme was webcast throughout the country. The Dashboard displays various key performance parameters related to Gram Sabha / Gram Sabhas' Standing Committees meetings/ proceedings etc. The occasion was graced by Shri Kapil Moreshwar Patil, Hon'ble MoS for Panchayati Raj, Sadhvi Niranjan Jyoti and Shri Faggan Singh Kulaste, Ministers of States for Rural Development and States/UTs Panchayati Raj Ministers. The Dashboard launch programme was also attended through VC by the Secretaries/ Senior Officers of Central line Ministries/ Departments and Principal Secretaries/ Secretaries/ Senior Officers from States/ UTs Panchayati Raj Departments.

5. An advisory has been issued to the States/ UTs to instruct the Gram Sabhas to deliberate on Jal Jeevan Mission Activities and Hand washing activities campaigned/ propagated by UNICEF during the Special Gram Sabha being organized on the occasion of Gandhi Jayanti on 2nd October, 2021 for the benefit and awareness of the common masses in rural areas.

6. Under the SVAMITVA Scheme, with the aim to provide the 'Record of Rights' to village household owners possessing houses in inhabited rural areas in villages and issuance of Property cards to the Property owners,, 28 States/UTs have signed a memorandum of understanding (MoU) with the Survey of India for the implementation of Scheme and discussions are on-going with other States for signing of MoU. Milestone based targets are being set for Sates/UTs. Further, regular meeting (VCs) with States and SoI for implementation of Scheme in all States/ UTs were also held. Till now, drone flying has been completed in 63,532 villages (including 790 villages of Goa and A&N, where survey maps already exist) and drone-survey completed in all villages of 58 districts. Property cards have been prepared of more than 19,000 villages for nearly 21.95 lakh beneficiaries.

7. A National meet/ Conference on SVAMITVA Scheme, chaired by Hon'ble Minister, Panchayati Raj was held on 14th September, 2021. The conference attended to by Hon'ble MoS (Panchayati Raj), Hon'ble MoS (Rural Development), Secretary (Panchayati Raj), Secretary (Department of land resources), Surveyor General of India, and senior officials from Central Ministries and States/UTs. The daylong conference provided platform for cross learning experiences between States, implementing agencies/ stakeholder. SVAMITVA dashboard was also launched by Hon'ble Minister of Panchayati Raj during the conference. Monitoring of Scheme till village level can be easily done through the dashboard.

8. For effective management of finances available to Panchayats from various sources, MoPR has been rigorously pursuing the States for adoption of Public Financial Management System (PFMS). In this regard, the Ministry has been pursuing States for closure of account on eGramSwaraj as well as for Gram Panchayat (GP) registration on PFMS. For the year 2020-21, 94% of the GPs have closed their month books and 91% of the GPs have closed their year books. In the current year i.e. 2021-22, 80% GPs have closed their month books. So far 2,29,281 PRIs have on-boarded eGramSwaraj-PFMS Interface (eGSPI). In the month of September 2021- 1,40,868 PRIs have transacted online using eGSPI for the expenditure incurred XV Finance Commission Grant.

9. Further, strengthening the accountability and transparency at the PRI level, MoPR is in the process of 'Reverse Integration of State Treasury system with PFMS' to capture the receipt entries automatically in eGramSwaraj. 22 States have completed this exercise of reverse integration of State treasury system.

10. Also, for strengthening the transparency and accountability at grassroots level, the Ministry has rolled out an application - AuditOnline under e-panchayat Mission Mode Project (MMP). It allows for online audit of Panchayat accounts and records detailed information about internal and external audit. For the year 2019-20, 27 (including Kerala) State have started registration of Auditors (6,926 Auditor registered) and preparation of Audit Plan (of 1,24,348GPs) for Auditing 14th Finance Commission accounts. 26 States have started creating GP (Auditee) users (2,42,672 Auditees). 26 States have also recorded Observations (10,07,743 observations) on the application and 25 States have generated audit reports (92,047Reports). For the year 2020-21, audit plans have been prepared by 56,614GPs in 21 States. Out of this 16 States have recorded observations (1,93,550 observation) and report have been generated by 13 States (9,251 audit reports).

11. The 6th Central Executive Committee (CEC) meeting was held on 28th September to consider the Annual Action Plan of State of Arunachal Pradesh and UT of Puducherry under Rashtriya Gram Swaraj Abhiyan (RGSA).

12. An orientation workshop on PPC 2021 in collaboration with Ministry of Rural Development was held on 13th September at NIRD&PR Hyderabad, 2021. An orientation workshop on PPC 2021 for North-eastern States was held on 23rd September in Guwahati.

13. Hon'ble Minister, Panchayati Raj formally rolled out the People's Plan Campaign (PPC) 2021 and launched the PPC Booklet virtually on 30th September, 2021. On this occasion, Tenth Issue of quarterly magazine "Gramoday Sankalp" was also released.

14. MoPR facilitated organization of two virtual Awareness Programme on Consumer Protection for Members of Panchayati Raj Institution (PRIs) on 6/9/21and 27/9/21 wherein elected PRI representatives from 11 districts each of Haryana and Punjab respectively

participated. This was in response to request made by Department of Consumer Affairs, Ministry of Consumer Affairs, Food & Public Distribution.

15. On the request made by Ministry of Minority Affairs, Panchayats were sensitized about Merit-cum-Means Scholarship Scheme for minority students through Social Media (Twitter and Facebook), WhatsApp Groups and Bulk-SMSes with a kind request to disseminate the message among students/ individuals belonging to communities like Muslims, Sikhs, Christians, Buddhists, Jains and Parsis/ Zoroastrians in rural areas to avail these scholarships.

16. Awareness creation regarding various activities related to Poshan Maah (1 – 30 September 2021) through Social Media Platforms. Activity Calendar for 'Thematic' POSHAN Maah drawn up by the Ministry of Women and Child Development, Government of India was also shared with State/ UT Departments of Panchayati Raj for celebration across the Nation throughout the month of September 2021 as part of Azadi Ka Amrit Mahotsav.

17. While addressing the High Level segment of the 76th Session of the United Nations General Assembly (UNGA) on 25/9/2021, Hon'ble Prime Minister mentioned about benefits under SVAMITVA Scheme and this news was widely disseminated for awareness purpose.

18. A virtual meeting was held under the Chairpersonship of Economic Adviser, Ministry of Panchayati Raj on 17/9/2021 to review the progress with regard to events/ activities undertaken as part of celebration of Azadi Ka Amrit Mahotsav and uploading of relevant materials (photos, videos, news-clippings etc.) on the portal dedicated to India@75 [https://IndiaAt75.nic.in/].

19. State/ UT Departments of Panchayati Raj vide D.O. letter dated 13/9/2021 were requested to call upon Panchayati Raj Institutions to dedicate Week 29 (24/9/2021 – 30/9/2021) of Azadi Ka Amrit Mahotsav to Mera Gaon Meri Dharohar – a key initiative proposed for Azadi Ka Amrit Mahotsav and have detailed deliberations for engaging the local residents in information gathering and template filling for Mera Gaon Meri Dharohar (interesting facts about village, its places of interest, customs and traditions, famous personalities, good environmental practices, electrification projects, open defecation-free status, vaccination status, etc.) and utilise this opportunity to make villages famous for uniqueness / rich heritage and culture.

20. There were 89 grievances/petitions pending with Ministry as on 1st September, 2021 and 621 (i.e. 596 online + 25 physical) grievances/ petitions were received during the month of September. Out of total 710 (621 received in September + 89 carried forward from last month), 650 grievances/petitions were disposed in September and 60 were carried forward as on 1st October, 2021.

21. During September 2021, 112 e-files were opened in e-office system which constitutes 100% of the total files opened during the month.

****

**भारत सरकार**

**पंचायती राज मंत्रालय**

***

**<u>सितंबर, 2021 के लिए मासिक सारांश</u>**

पंचायती राज मंत्रालय, संविधान के 73वें संशोधन की निगरानी और कार्यान्वयन, परामर्शी कार्य के लिए उत्तरदायी है। पंचायती राज मंत्रालय की भूमिका में ग्रामीण स्थानीय निकाय (आरएलबी) के पदाधिकारियों की प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण का लाभ उठाकर प्रशासनिक बुनियादी ढाँचा, बुनियादी सेवाओं आदि को मजबूत करना शामिल है। उपर्युक्त उद्देश्य को साकार करने के लिए मंत्रालय का रोडमैप निम्नलिखित तीन स्तंभों के माध्यम से है:

- वित्त आयोग अनुदान के माध्यम से बुनियादी सेवाओं की व्यवस्था,
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों का क्षमता निर्माण और
- ग्राम पंचायत विकास योजना और परामर्शी कार्य के माध्यम से समावेशी और भागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से अभिसरण और समग्र योजना।

माह के दौरान निम्नलिखित मुख्य गतिविधियाँ थी:

1. वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को पंद्रहवें वित्त अनुदान के तहत, वित्त मंत्रालय ने नागालैंड राज्य को 62.50 करोड़ रुपये के मूल और बद्ध अनुदान की दूसरी किस्त और गोवा को 18.75 करोड़ रुपये के बद्ध अनुदान की दूसरी किस्त जारी की है। आज की तारीख में, वित्त मंत्रालय द्वारा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदानों के तहत 22,309.50 करोड़ रुपये की राशि राज्यों को ग्रामीण स्थानीय निकायों/पारंपरिक स्थानीय निकायों के लिए पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण, घर के अपशिष्ट, मानव मल और मल कीचड़ प्रबंधन आदि की स्वच्छता और प्रबंधन तथा उपचार सहित ओडीएफ स्थिति के रखरखाव को शामिल करते हुए बुनियादी सेवाओं में सुधार के लिए जारी की गई है।

2. वित्त मंत्रालय द्वारा वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए जारी किए गए 15वें वित्त आयोग अनुदानों के लिए परिचालन दिशानिर्देशों के संबंध में विभिन्न आवश्यकताओं के

संबंध में राज्यों को अवगत कराने के लिए संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय की अध्यक्षता में 15 सितंबर, 2021 को एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान राज्यों के ऑडिट ऑनलाइन प्रदर्शन की समीक्षा भी की गई।

3. इस विषय पर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को जारी एडवाइजरी/परामर्शिका के सुझावों को लागू करने के लिए राज्यों द्वारा विभिन्न आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श करने और कार्य करने के लिए 'ग्राम सभा को जीवंत बनाने' के विषय पर अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय की अध्यक्षता में 8 सितंबर, 2021 को एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की गई थी।

4. ग्राम सभा पर डैशबोर्ड (meetingonline.gov.in) को श्री गिरिराज सिंह, माननीय पंचायती राज मंत्री द्वारा 30 सितंबर, 2021 को सचिव, पंचायती राज के साथ-साथ मंत्रालय और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लॉन्च किया गया है। पूरे देश में कार्यक्रम का वेबकास्ट किया गया। डैशबोर्ड ग्राम सभा/ग्राम सभाओं की स्थायी समितियों की बैठकों/कार्यवाहियों आदि से संबंधित विभिन्न प्रमुख निष्पादन मानकों को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, माननीयपंचायती राज राज्य मंत्री, साध्वी निरंजन ज्योति और श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पंचायती राज मंत्री उपस्थित थे। डैशबोर्ड लॉन्च कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के सचिवों/वरिष्ठ अधिकारियों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पंचायती राज विभागों के प्रधान सचिवों/सचिवों/वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

5. 2 अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित की जा रही विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता के लाभ और जागरूकता के लिए यूनिसेफ द्वारा प्रचारित / प्रसारित जल जीवन मिशन गतिविधियों और हाथ धोने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने और ग्राम सभाओं को निर्देश देने के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों को एक एडवाइजरी जारी की गई है।

6. 'स्वामित्व' योजना के तहत, गांवों में बसे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में घर रखने वाले गांव के गृह मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करने और संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी करने के उद्देश्य से, 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने योजना के कार्यान्वयन के लिए

भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए अन्य राज्यों के साथ चर्चा चल रही है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए अंतिम छोर आधारित लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ नियमित बैठकें (वीसी) भी आयोजित की गई थी। अब तक, 63,532 गांवों (गोवा और अंडमान व निकोबार के 790 गांवों सहित, जहां सर्वेक्षण मानचित्र पहले से मौजूद हैं) में ड्रोन उड़ान पूरी की जा चुकी है और 58 जिलों के सभी गांवों में ड्रोन-सर्वेक्षण पूरा किया गया है। लगभग 21.95 लाख लाभार्थियों के लिए 19,000 से अधिक गांवों के संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं।

7. माननीय मंत्री, पंचायती राज की अध्यक्षता में 'स्वामित्व' योजना पर एक राष्ट्रीय बैठक/सम्मेलन 14 सितंबर, 2021 को आयोजित किया गया । सम्मेलन में माननीय राज्य मंत्री (पंचायती राज), माननीय राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास), सचिव (पंचायती राज), सचिव (भूमि संसाधन विभाग), भारत के महासर्वेक्षक, और केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। दिन भर चलने वाले इस सम्मेलन ने राज्यों, कार्यान्वयक एजेंसियों/हितधारकों के बीच परस्पर सीखने के अनुभवों के लिए मंच प्रदान किया। सम्मेलन के दौरान माननीय पंचायती राज मंत्री द्वारा स्वामित्व डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। ग्राम स्तर तक योजना की मॉनीटरिंग डैशबोर्ड के माध्यम से आसानी से की जा सकती है।
8. पंचायतों को विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध वित्त के प्रभावी प्रबंधन के लिए, एमओपीआर सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) को अपनाने के लिए राज्यों का सख्ती से अनुसरण कर रहा है। इस संबंध मेंमंत्रालय ई-ग्राम स्वराज पर खाता बंद करने के साथ-साथ पीएफएमएस पर ग्राम पंचायत (जीपी) पंजीकरण के लिए राज्यों से अनुरोध कर रहा है। वर्ष 2020-21 के लिए, 94% ग्राम पंचायतों ने अपनी मासिक पुस्तकें बंद कर दी हैं और 91% ग्राम पंचायतों ने अपनी वार्षिक पुस्तकें बंद कर दी हैं। चालू वर्ष अर्थात 2021-22 में 80% ग्राम पंचायतों ने अपनी मासिक पुस्तकें बंद कर दी हैं। अब तक 2,29,281 पंचायती राज संस्थाओं ने ई-ग्राम स्वराज-पीएफएमएस इंटरफेस (ईजीएसपीआई) को ऑन-बोर्ड किया है। सितंबर 2021 में 1,40,868 पंचायती राज संस्थाओं ने XV वें वित्त आयोग अनुदान के व्यय के लिए ईजीएसपीआई का उपयोग करते हुए ऑनलाइन लेनदेन किया है।

9. इसके अलावा, पीआरआई स्तर पर जवाबदेही और पारदर्शिता को सुनिश्चित करते हुए, एमओपीआर ई-ग्रामस्वराज में रसीद प्रविष्टियों को स्वचालित रूप से कैप्चर करने के लिए 'पीएफएमएस के साथ राज्य ट्रेजरी सिस्टम के रिवर्स इंटीग्रेशन' की प्रक्रिया में है। 22 राज्यों ने स्टेट ट्रेजरी सिस्टम के रिवर्स इंटीग्रेशन की इस कवायद को पूरा कर लिया है।

10. साथ ही, जमीनी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय ने ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट (एमएमपी) के तहत एक अनुप्रयोग - ऑडिट ऑनलाइन शुरू किया है। यह पंचायत खातों के ऑनलाइन ऑडिट की अनुमति देता है और आंतरिक और बाहरी ऑडिट के बारे में विस्तृत जानकारी का रिकॉर्ड रखता है। वर्ष 2019-20 के लिए, 27राज्यों (केरल सहित) ने लेखा परीक्षकों का पंजीकरण (6,926 लेखा परीक्षक पंजीकृत) और 14 वें वित्त आयोग के खातों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षा योजना (1,24,348 जीपी) तैयार करना शुरू कर दिया है। 26 राज्यों ने जीपी (ऑडिटी) उपयोगकर्ता (2,42,672 ऑडिटीज) बनाना शुरू कर दिया है। 26 राज्यों ने भी अनुप्रयोग पर अवलोकन (10,07,743 अवलोकन) दर्ज किए हैं और 25 राज्यों ने लेखा-परीक्षा रिपोर्ट (92,047 रिपोर्ट) तैयार की हैं। वर्ष 2020-21 के लिए 21 राज्यों में 56,614 ग्राम पंचायतों द्वारा लेखा-परीक्षा योजना तैयार की गई है। इसमें से 16 राज्यों ने अवलोकन (1,93,550 अवलोकन) दर्ज किए हैं और 13 राज्यों (9,251 लेखा-परीक्षा रिपोर्ट) द्वारा रिपोर्ट तैयार की गई है।

11. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत अरुणाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की वार्षिक कार्य योजना पर विचार करने के लिए 6वीं केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) की बैठक 28 सितंबर को आयोजित की गई थी।

12. ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से पीपीसी 2021 पर एक अभिविन्यास कार्यशाला 13 सितंबर, 2021 को एनआईआरडी&पीआर हैदराबाद में आयोजित की गई थी। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए पीपीसी 2021 पर एक अभिविन्यास कार्यशाला 23 सितंबर को गुवाहाटी में आयोजित की गई थी।

13. माननीय मंत्री, पंचायती राज ने औपचारिक रूप से जन योजना अभियान (पीपीसी) 2021 की शुरुआत की और 30 सितंबर, 2021 को पीपीसी पुस्तिका का वर्चुअली शुभारंभ किया। इस अवसर पर तिमाही पत्रिका "ग्रामोदय संकल्प" का दसवां अंक भी जारी किया गया।

14. एमओपीआर ने 6/9/21 और 27/9/21 को पंचायती राज संस्थान (पीआरआई) के सदस्यों के लिए उपभोक्ता संरक्षण पर दो आभासी/वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की सुविधा प्रदान की, जिसमें क्रमशः हरियाणा और पंजाब के 11 जिलों के निर्वाचित पीआरआई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा किए गए अनुरोध के जवाब में था।

15. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा किए गए अनुरोध पर पंचायतों को सोशल मीडिया (ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुप और बल्क-एसएमएस) के माध्यम से अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप योजना के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें इन छात्रवृत्तियों का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी जैसे समुदायों के छात्र, व्यक्तियों को संदेश को प्रसारित करने का अनुरोध किया गया था। ।

16. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पोषण माह (1-30 सितंबर 2021) से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करना। महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए 'थीमैटिक' पोषण माह के लिए गतिविधि कैलेंडर को भी आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में सितंबर,2021 के पूरे महीने में पूरे देश में उत्सव के लिए पंचायती राज के राज्य / केंद्र शासित प्रदेश विभागों के साथ साझा किया गया था।

17. 25/9/2021 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 76वें सत्र के उच्च स्तरीय अनुभाग/सभा को संबोधित करते हुए, माननीय प्रधान मंत्री ने SVAMITVA योजना के तहत लाभों का उल्लेख किया और जागरूकता के उद्देश्य से इस समाचार का व्यापक प्रसार/प्रचार किया गया।

18. आजादी का अमृत महोत्सव मनाने और संबंधित सामग्री को अपलोड करने के हिस्से के रूप में किए गए कार्यक्रमों / गतिविधियों के संबंध में प्रगति की समीक्षा करने के लिए 17/9/2021 को आर्थिक सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय की अध्यक्षता में एक

आभासी/वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी। फोटो, वीडियो, समाचार-क्लिपिंग आदि को India@75 [https://IndiaAt75.nic.in/] समर्पित पोर्टल पर अपलोड किया गया।

19. अ.शा. पत्र दिनांक 13/9/2021 के माध्यम से पंचायती राज के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विभाग से अनुरोध किया गया था कि वे पंचायती राज संस्थानों से आजादी का अमृत महोत्सव के सप्ताह 29 (24/9/2021 - 30/9/2021) को मेरा गांव मेरी धरोहर - आजादी का अमृत महोत्सव के लिए प्रस्तावित एक प्रमुख पहल को समर्पित करने का अनुरोध करें और मेरा गांव मेरी धरोहर (गांव के बारे में रोचक तथ्य, इसकी रुचि के स्थान, रीति-रिवाजों और परंपराओं, प्रसिद्ध व्यक्तित्वों, अच्छी पर्यावरण प्रथाओं, विद्युतीकरण परियोजनाओं, खुले में शौच- मुफ्त स्थिति, टीकाकरण की स्थिति, आदि) के बारे में सूचना एकत्रीकरण एवं टेम्पलेट भरने में स्थानीय लोगों की सहायता लेने हेतु विस्तृत चर्चा की और इस अवसर का उपयोग गांवों को विशिष्टता / समृद्ध विरासत और संस्कृति के लिए काबिल बनाने हेतु प्रयास करें।

20. 1 सितंबर, 2021 को मंत्रालय के पास 89 शिकायतें/याचिकाएं लंबित थीं और सितंबर माह के दौरान 621 (अर्थात 596 ऑनलाइन + 25 भौतिक) शिकायतें/याचिकाएं प्राप्त हुई थीं। कुल 710 (सितंबर में प्राप्त 621 + पिछले महीने से 89 अग्रेषित) में से 650 शिकायतों / याचिकाओं का सितंबर में निपटारा किया गया और 60 शिकायतें 1 अक्टूबर, 2021 को बाद में निपटान हेतु लंबित थी ।

21. सितंबर,2021 के दौरान, ई-ऑफिस प्रणाली में 112 ई-फाइलें खोली गईं, जो महीने के दौरान खोली गई कुल फाइलों का 100% है।

*****